राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद)

पो.ऑ. गढ़ा, नागपुर रोड, जबलपुर (म.प्र.)- 482003

विज्ञापन (सं. 910/2016)

निम्नलिखित पद पूर्णतः अस्थायी और संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए अथवा परियोजना के पूर्ण होने तक की अवधि के लिए भरे जाना है :-

परियोजना : ''टार्गेटेड इन्टरवेन्शन टू एक्सपेंड एंड स्ट्रेन्थन टी.बी. कंट्रोल इन ट्राइबल पापुलेशन अंडर दि 'रिवाइज्ड नेशनल ट्यूबरक्यूलोसिस कंट्रोल प्रोग्राम, इंडिया''

क्रम सं.	पद का नाम एवं संख्या	अनिवार्य योग्यता	वांछनीय योग्यता	आयु	समेकित वेतन प्रतिमाह (रुपए में)	कार्य संबंधी दायित्व
1	कन्सलटेंट (लेखा) (एक पद) (अनारक्षित)	वाणिज्य में स्नातक उपाधि अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आई.सी.डब्ल्यू.ए.	लेखों के संधारण का दो वर्षों का अनुभव, वरीयत: ग्लोबल फंड परियोजना/विकास संगठन में,	30 वर्ष	25,000/-	सभी लेखा पुस्तकों का संधारण करना एवं यथापेक्षा विभिन्न वित्तीय रिपोर्टें प्रस्तुत करना। आंकड़ों की प्रविष्टि एवं प्रबंधकीय कार्य का दायित्व भी वहन करना होगा।
2	डेटा इंट्री आपरेटर (एक पद) (अनुसू.जाति के लिए आरक्षित)	12 वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कंप्यूटर कोर्स। आंकड़े प्रविष्टि की गति 8000 डिप्रेशंस प्रति घंटे से कम न हो	हिंदी टायपिंग का ज्ञान	28 वर्ष	16,500/-	आंकड़े प्रविष्टि, परियोजना समन्वय एवं कार्यान्वयन कार्य। परियोजना कार्य के लिए उन्हें अध्ययन क्षेत्रों की यात्रा भी करनी होगी।
3	एक्स-रे टेक्नोलॉजिस्ट- 14 पद (अनारक्षित-07, अनुसू. जाति - 02 अन्य पिछड़ा वर्ग-05	i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10+2 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण, एवं ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कम से कम एक वर्ष की अवधि का रेडियोग्राफर्स/एक्स-रे टेक्नोलॉजिस्ट्स कोर्स उत्तीर्ण (डॉयग्नॉस्टिक रेडियोलॉजी में फील्ड ट्रेनिंग सहित)	एक्स-रे मशीन पर कार्य करने का दो वर्षों का अनुभव	30 वर्ष	16,500/-	अभ्यर्थी का कार्यक्षेत्र एवं मुख्यालय जनजाति क्षेत्रों में चयनित जिले होंगे। अभ्यर्थी को मोबाइल टी.बी. डायग्नोस्टिक वैन में यात्रा करनी होगी तथा ग्रामों में खांसी व टी.बी. के संभावित लक्षणों वाले रोगियों के एक्स-रेज करना व स्पुटम माइक्रोस्कोपी करना होगी। चिह्नित जिलों के दूर-दराज के ग्रामों की प्रतिदिन यात्रा करना।

4	फील्ड कोऑर्डिनेटर (एक पद) (अनारक्षित)	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जीवन विज्ञान (Life Sciences) में स्नातक	सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिग्री/डिप्लोमा या समकक्ष । राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कार्य करने का अथवा फील्ड आधारित परियोजनाओं में कार्य करने का दो वर्षों का अनुभव	30 वर्ष	20,000/-	अभ्यर्थी को अपनी संबंधित साइट्स में परियोजना संबंधी कार्यों का समन्वय करना है। चिह्नित जिलों के दूर-दराज के ग्रामों की प्रतिदिन यात्रा करना।
5	फील्ड सुपरवाइजर - 14 पद (अनारक्षित-09, अनुसू.जाति-01, अन्य पिछड़ा वर्ग-04)	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जीवन विज्ञान (Life Sciences) में स्नातक	सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिग्री/डिप्लोमा या समकक्ष । राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कार्य करने का अथवा फील्ड आधारित परियोजनाओं में कार्य करने का दो वर्षों का अनुभव	30 वर्ष	20,000/-	अभ्यर्थी का कार्यक्षेत्र एवं मुख्यालय जनजाति क्षेत्रों में चयनित जिले होंगे। अभ्यर्थी को समुदाय में जागरूकता लाने एवं समुदाय के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करने व अन्य परियोजना गतिविधियां संचालित करना होंगी। चिह्नित जिलों के दूर-दराज के ग्रामों की प्रतिदिन यात्रा करना।
चयनित अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों में मध्यप्रदेश के जनजाति/ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित जिलों डिंडोरी, झाबुआ, अलीराजपुर एवं बड़वानी तथा छत्तीसगढ़ जनजाति/ग्रामीण क्षेत्रों के सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिलों में व्यापक रूप से यात्राएं करना शामिल है।						

सामान्य शर्तें : ये पद पूर्णतः अस्थायी और परियोजना के साथ समापनीय (Co-terminable with the project) हैं । कार्य का व्यापक क्षेत्र अभ्यर्थियों से अपेक्षित कार्य की केवल एक रूपरेखा है। तथापि, अभ्यर्थियों को परियोजना की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुसार परियोजनांतर्गत अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं। उच्च योग्यताएं एवं कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थी राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद) के अधीन नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं करेंगे। परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार के यात्रा-भत्ते/दैनिक-भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा। सुपात्र (deserving) अभ्यर्थियों के संबंध में आयु-सीमा में शिथिलता पर विचार किया जा सकता है। निर्धारित योग्यता धारक, जो इन पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक हों, वे इस संस्थान की वेबसाइट- www.nirth.res.in अथवा आई.सी.एम.आर. मुख्यालय, नई दिल्ली की वेबसाइट- www.icmr.nic.in से आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। विधिवत भरे हुए आवेदन-फॉर्म प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ निदेशक, राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, को उपर्युक्त पते पर दिनांक 15 जुलाई, 2016 तक भेज दें। विलम्ब से प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल शॉर्ट-लिस्टेड अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इस सबंध में कोई पत्र-व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

---- निदेशक